Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding environmental clearance to facilitate construction of National Highway from Raipur to Deobhog in Chhattisgarh -laid.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): रायपुर से अभनपुर राजिम होकर देवभोग जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की स्वीकृति उपरांत निर्माण हेतु विशेष वन क्षेत्र (उद्धति अभ्यारण्य) होने के कारण पर्यावरण विभाग की अनुमति नहीं मिलने से सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है । ज्ञात हो कि देवभोग गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर है, तथा उक्त मार्ग से ओडिसा राज्य के कालाहांडी जिला से संपर्क का एकमात्र सड़क है । सुपेबेड़ा क्षेत्र किडनी मरीजो के नाम से चर्चित गाँव है । जहां 100 से अधिक लोग अपनी जान गवा चुके है । स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को राजधानी रायपुर ले जाया जाता है । इस कारण 200 किलोमीटर से अधिक का सफर करना पड़ता है । सड़क की जर्जर हालत एवं एकाकी रोड होने के कारण मरीजों एवं आम जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।

राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दो पार्ट में स्वीकृति प्रदान की गई है, लेकिन बीच का हिस्सा पर्यावरण/वन विभाग में लंबित होने के कारण अपूर्ण है । लंबित प्रकरण को अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की महान कृपा हो।